RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 37 | अंक : 04

हिसार | शनिवार, 6 अप्रैल, 2024

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६

पोस्टर ही पोस्टर

हर तरह की कलर व ब्लैक एंड वाइट प्रिंटिंग कराने के लिए सम्पर्क करें।

इश्तिहार, बिल बुक व लैटर हैड आदि उचित रेट पर छपवाएं

सूचना प्रिन्टर्स C/o दैनिक पाठकपक्ष

नजदीक माडल टाउन मार्केट, हिसार

E-mail : soochnaprinter@gmail.com

98964-72584, 92552-73410

## दैनिक पाठकपक्ष की 39वीं वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं







5 YEARS EXTENDED WARRANTY***

5 YEARS ROADSIDE ASSISTANCE

8 YEARS SELF-CHARGING HYBRID BATTERY WARRANTY

Applicable only for Hybrid variants.

# MALIK TOYOTA

**HISAR :**
14.5 Mile Stone, NH-65, Chandigarh Road, Hisar.
**Ph.:- 99967 88826, 99967 88829, 99967 88832**

**SIRSA :**
Near Maharaja Palace, Dabwali Road, Sirsa.
**Ph.:- 85728 88801, 85728 88880, 85728 88881**

**FATEHABAD:**
Bhuna Mor, NH-10, Hisar-Sirsa Road, Fatehabad.
**Ph.:- 85728 88830**

*Terms & conditions apply on all schemes & offers. Scheme inclusive of Exchange and Corporate/Government/Exclusive Community benefits. Scheme applicable on select stocks & variants. Finance at the sole discretion of Financier. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. **Fuel efficiency as certified by Test Agency under rule 115 of CMVR, 1989 under standard Test Conditions. Actual Mileage on road may vary. #Ex-showroom Price. ***Complimentary 3 years /1 00 000 km Manufacturer Warranty + 2 years Extended Warranty. ^Applicable on G & V Neo drive variants. Accessories shown may not be part of standard equipment.

# सम्पादकीय..........

## कांग्रेस ने किया अपना चुनावी घोषणापत्र जारी

*देश की सबसे पुरानी पार्टी ने चुनावी घोषणापत्र जारी करने के साथ ही अपना आगामी एजेंडा सामने रख दिया है। कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों, संविधान, अर्थव्यवस्था, संघवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा और पर्यावरण पर ज्यादा ध्यान देने की कोशिश हुई है। पिछड़ी जातियों के उत्थान के प्रति कांग्रेस की घोषणाएं विशेष रूप से चर्चा का विषय बन रही हैं। बेशक, संविधान लागू होने के इतने साल बाद भी जातिगत भेदभाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है और इसे खत्म करने के लिए देश की आने वाली सरकारों को सकारात्मक उपायों के साथ काम करना होगा। अपने घोषणापत्र में कांग्रेस ने इस मंशा को जाहिर करने की कोशिश की है। विकास की दौड़ में पीछे रह गए लोगों के लिए हर पार्टी को पहल करनी ही चाहिए। एक बड़ी घोषणा यह है कि संविधान संशोधन के जरिये आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाया जाएगा। यदि अगली सरकार इस दिशा में विधायी कदम उठाती है, तो यह स्वागतयोग्य है। वास्तव में, बिहार की जातिगत जनगणना से साफ हो गया है कि पिछड़ी जातियों को उनकी आबादी के हिसाब से आरक्षण नहीं मिल पा रहा है। अतः आबादी के अनुपात के साथ आरक्षण की विसंगतियों को दूर करने को कांग्रेस ने जरूरी माना है। पार्टी ने आथिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए भी 10 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का वादा किया है। कांग्रेस ने भाषायी और धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए संविधान में दिए गए अधिकारों को बनाए रखने का वचन दोहराया है। यह एक ऐसा मोर्चा है, जहां कांग्रेस निरंतर भाजपा को चुनौती दे रही है। नई बात यह है कि चुनाव जीतने पर पार्टी संबंधित समुदायों की भागीदारी और सहमति से पर्सनल ला में सुधार को प्रोत्साहित करेगी। मतलब, समान नागरिक संहिता का विषय आने वाले समय में प्रासंगिक बना रहेगा। यहां हम सभी पार्टियों से समझदारी की उम्मीद करेंगे। वाकई, समाज को समग्रता में देखने की जरूरत है और यहां किसी को भी शिकायत का मौका नहीं मिलना चाहिए। कांग्रेस का एलजीबीटी समूह से किया गया वादा भी उल्लेखनीय है, पर उससे भी खास है रोजगार संबंधी वादा। कांग्रेस रोजगार की बात लगातार कर रही है और इससे वोट जुटाने में उसे सुविधा होगी। उसने युवा न्याय कार्यक्रम के साथ बेरोजगारी से युद्ध स्तर पर निपटने का वादा किया है। प्रत्येक गरीब भारतीय परिवार को सालाना एक लाख रुपये देने के लिए महालक्ष्मी योजना की भी चर्चा हो रही है। कांग्रेस महिलाओं को भी लुभाने की पूरी कोशिश कर रही है। कांग्रेस ने वादा किया है कि सत्ता में आने पर वह लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण को तत्काल लागू करेगी। खास यह भी है कि कांग्रेस ने 2025 से महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की 50 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित करने का वादा किया है। इतना ही नहीं, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी का भी वादा किया गया है। बुनियादी रूप से लोकतंत्र को बचाने, भय दूर करने और स्वतंत्रता बहाल करने का वादा तो वह लगातार करती आई है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन व्यवस्था में सुधार, चीन से जमीन वापस लेने, अग्निपथ योजना को खत्म करने का वादा भी प्रत्याशित है। कुल मिलाकर, कांग्रेस के वादे समकालीन राजनीति और भाजपा को संबोधित हैं। अब हम इससे भी व्यापक घोषणापत्र की उम्मीद सत्तारूढ़ पार्टी से कर सकते हैं। जब सारी घोषणाएं सामने आ जाएंगी, तब घोषणाओं की तुलना का रोचक होना तय है।*

# दुख और सुख हमारी आदतें हैं, परख कर देखें

हमारा तर्कशील मन छोटा-सा है। दिमाग का केवल बारह प्रतिशत हिस्सा चेतन है और बाकी अठासी प्रतिशत अवचेतन, पर आत्मज्ञान के अभ्यास से इस चेतन मन को सांसों की धुन में लीन करके इतना सबल बनाया जा सकता है कि वह अवचेतन हिस्से पर भी आवश्यक नियंत्रण कर सकता है। अभी तो हम बहुत तरह के नशों में जी रहे हैं- कोई धन के नशे में, कोई पद के नशे में, कोई प्रतिष्ठा के नशे में और कोई अहंकार के नशे में। जब मन अभ्यास से सांसों के साथ एकाकार हो जाता है तब ये सभी नशे छूट जाते हैं और तब एक ही नशा होता है, आनंद का। उसके बाद व्यक्ति की बेहोशी के बीच होश का दीया जलता है।

जब साधक हृदय का अनहद नाद सुनता है तब परमानंद में मस्त हो जाता है। ऐसा अनुभव होने पर बाहर हम मानवता के साथ होते हैं और भीतर हमारा ठहराव परमानंद के साथ होता है। यही जीवन का उत्सव है और यही मनुष्य जीवन की सफलता है। ज्ञान के नियमित अभ्यास से हर किस्म के नशे से मुक्ति पाना पूरी तरह संभव है। स्वयं की ग्रंथियों, उलझावों, निराशाजन्य कृत्यों, हालात, विचलन सब पर गहराई से चिंतन करें। हमारा मन ज्यादातर समय दुख और तनाव में क्यों रहता है? हमने इस प्रकार की सोच के बीज बो दिए हैं कि मन सदैव यही सोचता है, ऐसा हुआ तो क्या होगा और वैसा न हुआ तो क्या होगा। सारे दुख और तनाव हमारी नासमझी और गलत सोच के कारण हैं। इसलिए सिर्फ अपनी सोच बदल दीजिए, सभी दुख-तनाव खत्म हो जाएंगे। ऐसा नहीं है कि जितने भी

## अध्यात्म

पहुंचे हुए संत थे, उनके जीवन में सब कुछ अच्छा-अच्छा होता था, पर यह बात सच है कि वे चौबीसों घंटे आनंद में रहते थे।

गुरु नानक देव एक तारे की तान पर गीत गाते चलते थे और आनंदित रहते थे। कबीर कपड़ा बुन कर बेचते, तब उनके खाने का जुगाड़ होता था। लेकिन वे यही कहते थे कि आनंद झरता रहता है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि सुख और दुख सिर्फ आदतें हैं। दुखी और परेशान रहने की आदत के बीजों का हमने गहराई से रोपण कर रखा है। हम अगर दुखी रहने की आदत डाल सकते हैं तो सुखी रहने की आदत भी डाल सकते हैं। एक प्रयोग करें और तुरंत उसका परिणाम देख सकते हैं। हर रोज सुबह उठते ही आने-जाने वाली सांसों को हृदय से स्वीकार करके खुद को आनंद के भाव से भर लीजिए। ध्यान के अभ्यास से इसे ही स्वभाव बना लेना और आदत में शामिल कर लेना है। यह गलत सोच है कि इतना धन, पद, प्रतिष्ठा मिल जाए तो आनंदित हो जाएंगे। लक्ष्य सामने रख सकते हैं, लेकिन इसे शर्त नहीं बनाना है। क्योंकि जिसने भी अपने आनंद पर शर्त लगाई, वह आज तक आनंदित नहीं हो सका। अगर आपने बिना शर्त आनंदित जीवन जीने का अभ्यास शुरू कर दिया तो ब्रह्मांड की सारी शक्तियां आपकी ओर आकर्षित होने लगेंगी।

पहले ज्ञान के अभ्यास से अपनी सांसों के भीतर की शक्ति को पहचान कर हृदय में विराजमान परमात्मा के राज्य में प्रवेश तो करो, बाकी सभी चीजें तुम्हें अपने आप मिलती चली जाएंगी। पूरा ब्रह्मांड तुम्हारा है। भीतर से आनंद हर पल झरता रहता है और जीवन सफल हो जाता है। यही मनुष्य जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य है।

# जितना भी चाहो दूसरों की धारणाओं और मान्यताओं को नहीं बदल सकते, इसलिए सुकून से अपनी जिंदगी जिएं और खुश रहें!

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



योगी, जती और संन्यासी जितना तप त्याग करते हैं, उतना ही गृहस्थी भी करता है, उनसे कहीं ज्यादा ही करता है। जैसे एक मनुष्य जितना कमाता है, उसका बहुत बड़ा हिस्सा वह दूसरों पर ही करता है, अपने ऊपर तो वह बहुत थोड़ा सा हिस्सा खर्च करता है, अब दूसरों में कौन कौन आता है, सबसे पहले उसका परिवार, उसके मित्र, संबंधी, उसका समाज आते हैं। पहले जब भरे पूरे परिवार हुआ करते थे, तब तो गृहस्वामी अपने ऊपर बहुत कम खर्च करते थे, अब जबकि हम दो हमारे दो, हम दो हमारा एक और अब तो हम दो हमारा कोई नहीं वाली स्थिति में खुद कमा रहे हैं और खुद पर ही खर्च कर रहे हैं। सारी व्यवस्था ही स्व केंद्रित हो गई है। व्यवस्था इस तरह से बदल रही है कि अमीरी का भी अपना नशा हो गया है, कुत्ता, बिल्ली, कबूतर, तोता यानी पेट्स खुद पालते हैं, इनके स्वयं के बच्चे आया पालती है और स्वयं इनको बुढ़ापे में वृद्धाश्रम वाले पालते हैं।एक बार एक पत्नी अपने पति से बाजार से कुछ सुख मेवें लाने के लिए कहती हैं, कि एक एक पाव बादाम, किशमिश, काजू ले आएं। जब वो घर वापस आता है तो बोरी भर के सूखे मेवे, बादाम किशमिश और काजू की ले आता है। उसकी पत्नी यह देखकर हैरान हो जाती है कि पहले तो वो भाव तोल करके वह जितनी चीज़ मंगवाती आधी ही लेकर आता था,आज ये बदलाव कैसे आया। उसने अपने पति से पूछा कि आज यह चमत्कार कैसे हो गया। तब उसका पति बोला,आज जब वह बनिए की दुकान पर गया तो उसने देखा कि पड़ोसी सेठ का नौकर, बिना भाव पूछे,सारी चीजें बड़ी बड़ी मात्रा में बोरी भर-भर के खरीद रहा था, मुझे बड़ा आश्चर्य लगा कि सेठजी तो ऐसा कभी नहीं करने देते थे और मैंने नौकर से पूछ ही लिया कि क्या बात है,घर में कोई फंक्शन है क्या? नौकर बोला नहीं जी, सेठ जी जबसे भगवान को प्यारे हुए हैं, घर का मालिक मैं ही हूं। जब मैं सेठ जी के लिए काम करता था तो वो खुद भी और मुझे भी बहुत तंगी में रखते थे, मैं बहुत दुखी होता था, लेकिन मुझे अब पता चला है कि मैं सेठ जी के लिए काम नहीं करता था, वास्तव में सेठ जी मेरे लिए काम कर रहे थे, इतना सारा धन वो मेरे लिए तो कमा रहे थे, दूसरे के कमाएं धन का दर्द कैसा? वह व्यक्ति यह सुनकर और देखकर हैरान रह गया और इसीलिए कि कल को उसके कमाएं धन को भी कहीं नौकर इस तरह से प्रयोग न करें,वह भी बोरी भर कर सूखे मेवे ले आया था। समय के बहाव और आगे बढ़ती घड़ी की सुइयों को आप पीछे नहीं ले जा सकते, दूसरों की धारणाओं और मान्यताओं को नहीं बदल सकते, इसलिए सुकून से अपनी ज़िंदगी जिएं और खुश रहें।

**-डॉ. कमलेश कली**

# सुण मौल्लड़ की



हरियाणा में जिंदल हाउस का भाजपा से जुड़ना बहुत लाभदायक।

**फायदा तो दोनों कानी सै।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** उधार के लेन-देन से बचें। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। आंखों व पैरों का ध्यान रखें, चोट लगने की आशंका। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**वृषभ :** लोगों का सहयोग मिलेगा। यात्रा से लाभ होगा। आय के नए साधन प्राप्त होंगे।

**मिथुन :** प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। इंटरव्यू में सफलता प्राप्त होगी। पूंजी निवेश से लाभ होगा।

**कर्क :** नए संपर्कों का लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यों में भागीदारी बढ़ेगी। सफलता की राह में आ रही रूकावट दूर होगी।

**सिंह :** किसी अंजान स्थान की यात्रा न करें। लोग पीठ पीछे आपकी निंदा करेंगे। असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**कन्या :** भाग्योदय के अवसर प्राप्त होंगे। भौतिक सुख सुविधा में बढ़ौतरी होगी। विपरीत लिंग की तरफ आकर्षित होंगे।

**तुला :** कोई पुराना रोग परेशान कर सकता है। बेवजह विवाद करने से बचें। कोर्ट कचहरी के मामलों में सावधानी बरतें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**वृश्चिक :** आत्मसम्मान में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को मनचाहे परिणाम प्राप्त होंगे। संतान के साथ संबंध मधुर बनेंगे।

**धनु :** लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। मन में तनाव बना रहेगा। दुर्गा माता की पूजा करें।

**मकर :** प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय लेने से लाभ होगा। व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**कुंभ :** परिवार के साथ खुशी भरे पल व्यतीत करेंगे। आर्थिक लाभ संभव है। महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे।

**मीन :** मन संवेदनशील बना रहेगा। पुरानी बातें भूलाकर नई शुरूआत करेंगे। अनुभवी लोगों की सलाह लाभकारी रहेगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# कर्म का मर्म

## जब महात्मा बुद्ध को दान में मिला जूठा फल

बुद्ध एक बार पाटलिपुत्र गए। उनके शुभागमन पर लोग अपनी-अपनी क्षमता के अनुरूप उपहार देने पहुंचे। सेठ-साहूकार सभी शामिल थे। राजा बिंबिसार भी अपने राजकोष से कीमती हीरे-मोती और रत्न लेकर वहां पहुंचे। बुद्धदेव ने एक-एक कर सबके उपहार एक हाथ से सहर्ष स्वीकार कर लिए। इसी बीच अस्सी साल की एक वृद्ध महिला लाठी टेकते-टेकते वहां आई। वह ठीक से चल भी नहीं पा रही थी। बुद्धदेव को प्रणाम कर वृद्ध महिला बोली, 'भगवन, आपके आने का समाचार मुझे थोड़ी ही देर पहले मिला। उस समय मैं यह अनार खा रही थी। मेरे पास कोई दूसरी चीज न होने के कारण मैं इस अधखाए फल को ही ले आई हूं। यदि आप मेरी इस तुच्छ भेंट को स्वीकार करें, तो मैं अहोभाग्य समझूंगी।' बुद्ध ने दोनों हाथ सामने कर वह फल ग्रहण कर लिया। राजा बिंबिसार को यह देख बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने बुद्धदेव से कहा, 'भगवन, क्षमा करें। हम सबने आपको कीमती और बड़े-बड़े उपहार दिए, जिन्हें आपने एक हाथ से ग्रहण किया। लेकिन इस वृद्ध महिला के दिए जूठे फल को आपने दोनों हाथों से ग्रहण किया, ऐसा क्यों?' बुद्धदेव मुस्कुराए और बोले, 'राजन! आप सबने अवश्य बहुमूल्य उपहार दिए हैं, पर यह सब आपकी संपत्ति का



दसवां हिस्सा भी नहीं है। आप लोगों ने मूल्यवान वस्तुओं का दान करके अपना बड़प्पन ही प्रकट किया है। लेकिन इस वृद्ध महिला के पास देने के लिए कुछ न होते हुए भी इसने अपने मुंह का कौर ही मुझे दे डाला है। भले ही यह महिला निर्धन है, लेकिन इसे संपत्ति की कोई लालसा नहीं। इसी कारण यह तुच्छ वस्तु को ही अपनी संपत्ति समझती है और इसमें उसे संतोष है। यही कारण है कि इसके दान को मैंने खुले हृदय से दोनों हाथों से स्वीकार किया।'

# मतदान को उत्सव की भांति मनाएं युवा : डॉ. शमीम शर्मा




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में उपायुक्त हिसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदान करने लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और रंगोली स्पर्धा आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग में प्रीति और प्रांजल ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान, स्लोगन लेखन में रितु और अंजू ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान व रंगोली में सलमा व मनीषा ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर कॉलेज चैयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कहा मतदान करना बेहद ज़रूरी कार्य है। यह देश की तरक्की में आहुति डालने जैसा है। कॉलेज डायरेक्टर नीलम प्रभा ने कहा कि सरकार चुनने में महिलाओं की भी उतनी ही भूमिका है जितनी की पुरुषों की। कॉलेज प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने कहा कि मतदान की ताकत हमें सविंधान ने दी है, इस पर सबका बराबरी का हक है। युवाओं को मतदान को उत्सव की तरह मनाना चाहिए।

# अग्रसेन भवन में श्याम कथा का दूसरा दिन

**श्याम जन्म दिन आयो.. बधाई सारे भक्तां नै.. ..भजन पर झूम उठे श्रद्धालु**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** समस्त श्रीश्याम मंडल परिवार एवं महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के तत्वाधान में अग्रसेन भवन में चल रही श्याम कथा के दूसरे दिन श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय भजन व कथा प्रवक्ता साध्वी सुजाता कृष्ण चंद्र देव ने श्याम कथा करते हुए कहा कि कौरव वंश के राजा दुर्योधन ने निर्दोष पाण्डवों को सताने और उन्हें मारने के लिए लाक्षागृह का निर्माण किया था, पर सौभाग्यवश वे उसमें से बच निकले और वन में रहने लगे। हिडिंब राक्षस के साथ भीम ने युद्ध किया। हिडिंब वध होने के बाद माता कुंती व पांडवों ने भीम का विवाह हिडिंबा से करवा दिया। भीम पुत्र घटोत्कच का लालन-पालन माता हिडिंबा ने किया। जब घटोत्कच युवा हो गए तब माता हिडिंबा ने उन्हें भगवान श्रीकृष्ण व पांडवों के पास भेजा। भगवान कृष्ण की कृपा से घटोत्कच का विवाह मोरवी से हुआ। अत्यंत पराक्रमी माता मोरवी के यहां श्याम बाबा प्रगट हुए। माता मोरवी ने बालक बर्बरीक को कृष्ण भगवान को समर्पित कर दिया। भगवान कृष्ण के आदेश से बालक बर्बरीक महीसागर संगम में जाकर तपस्या करते हैं। कथा के दौरान श्याम बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर साध्वी सुजाता कृष्ण चंद्र देव ने श्याम जन्म दिन आयो.. बधाई सारे भक्तां नै.. व श्याम मोरे नैनन में आ के रहियो.. .. गाया तो पूरा पंडाल ही झूम उठा। इससे पूर्व कथा स्थल पर पहुंचने पर साध्वी सुजाता कृष्ण चंद्र देव व स्वामी चंद्र देव का महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला सहित सैंकड़ों श्याम भक्तों ने स्वागत किया। इस अवसर पर अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला, सर्व श्याम मंडल के प्रधान दीपक गर्ग, श्याम प्रेमी एन. के. गोयल, प्यारेलाल लाहौरिया, सज्जन मितल, राजेश बंसल, बिशनलाल अग्रवाल, प्रवीन केडिया, विपिन गोयल, विजय मोहन सिंगल, सत्यपाल अग्रवाल, सज्जन गुप्ता, सुभाष गोयल, शिव कुमार कंसल, रमेश गोयल, राम अवतार सिंगल, विनोद गुप्ता, सुमन गर्ग, रंजना सिंगल, रेखा गोयल, प्रियंका जिंदल के अलावा समस्त श्याम मंडलों से जुड़े सेवादार व हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# शहीद भगत सिंह हाई स्कूल के नए सत्र का शुभारंभ हवन से हुआ



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 6 अप्रैल :** शहीद भगत सिंह हाई स्कूल हांसी में नए सत्र का शुभारंभ हवन का आयोजन करके किया गया। जिसमें सभी अध्यापकगणों तथा बच्चों ने यज्ञ में आहुति डालकर भगवान व मां सरस्वती का आह्वान किया। इस अवसर पर स्कूल के मुख्याध्यापक श्री राम अवतार सिंह ने बताया कि इस यज्ञ के साथ हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम दृढ़ निश्चय के साथ अपना कार्य करेंगे और सभी विद्यार्थियों को नए सत्र की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# आई.डी. डी.ए.वी जूनियर पब्लिक स्कूल में नए सत्र के शुभारंभ हेतु हवन का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** सकारात्मक वातावरण का आह्वान करता है- यज्ञ। इसी तथ्य को चरितार्थ करते हुए सेक्टर 14 स्थित आई.डी.डी.ए.वी जूनियर पब्लिक स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ वैदिक धर्म का निर्वाह करते हुए डीएवी की क्षेत्रीय सहायक निदेशिका व विद्यालय की नींव का प्रस्तर श्रीमती सुनीता बहल की अध्यक्षता में हवन यज्ञ के साथ किया गया। श्रीमती सुनीता बहल, विद्यालय प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी गेरा, स्कूल के सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों ने विद्या की देवी की वंदना करते हुए यज्ञ में आहुति अर्पित की व स्कूल की उन्नति व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। अध्यापकों की मार्गदर्शिका व प्रेरणास्त्रोत श्रीमती सुनीता बहल के सानिध्य में विद्यालय प्रांगण हमेशा दीप्तिमान रहता है। इन्होंने नव नामांकित बच्चों का मंत्रोंच्चारण के साथ पुष्प वर्षा करके विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया तथा जिन बच्चों का जन्मदिन फरवरी व मार्च महीने में आता है उनके जन्मोत्सव पर अपने आशीर्वचनों से उनके सुंदर, स्वस्थ व सफल जीवन की मंगल कामना की। विद्यालय प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी गेरा ने अपने प्रभावी वक्तव्य में कहा कि छात्रों को आधुनिकता के युग में शिक्षा के साथ-साथ उच्च जीवनादर्श प्रदान करने के लिए विद्यालय कटिबद्ध है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा पार्टी को प्रदेश की सभी 10 सीटें दिलाने का काम करेगा : गोल्डी सैन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री बीरबल स्वामी ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई। पार्टी के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अब चुनाव का समय है, इसमें हर कार्यकर्ता की बहुत ही अहम भूमिका है जिसमें ओबीसी मोर्चा एक ऐसा मोर्चा है जिसका वोटर हर एक बूथ पर है तो पार्टी की नीतियों पर चलते हुए भारी मतों से पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाना है। इस पर मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी ने बोलते हुए कहा कि वे पार्टी को आश्वस्त करते हैं कि ओबीसी मोर्चा का हर एक कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी के सच्चे सिपाही की तरह दिन-रात कार्य करके हरियाणा को 10 की 10 सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम करेगा। इस मोके पर जिला महामंत्री अशोक सैनी, देशराज बरवाला, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरेश जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष अनिल जोगी, राममेहर बैरागी, आशा यादव, जिला सचिव सतीश गिल, जिला सचिव बसंत कुमार, जिला उपाध्यक्ष अंबिका प्रसाद, जितेंद्र वर्मा, सीताराम जांगड़ा, राजकुमार दहिया, मोनिका जांगड़ा, सोशल मीडिया प्रभारी श्याम जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।

# सीएचजेयू ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन, सभी पत्रकारों के मान्यता कार्ड व पूरी पेंशन जारी रखने की मांग

## दैनिक, सप्ताहिक, पाक्षिक, मंथली सभी अखबारों, टीवी व डिजिटल मीडिया के सभी पत्रकारों को मिले मान्यता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 6 अप्रैल :** चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन (सीएचजेयू) ने मुख्यमंत्री नायब सिंह से मुलाकात कर पत्रकारों की मांगों को उनके समक्ष रखा और एक ज्ञापन सौंपा। सीएचजेयू ने मुख्यमंत्री से सांध्य, दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मंथली छपने वाले मध्यम, लघु व स्थानीय समाचार पत्रों, टीवी व डिजिटल मीडिया के पत्रकारों को प्रेस मान्यता कार्ड को लेकर पेश आ रही दिक्कतों का उल्लेख करते हुए पहले की तरह सीए रिर्पोट पर मान्यता देने की मांग की और मान्यता प्रदान करने व पेंशन योजना के लिए जारी नई अधिसूचना की शर्तों को गैर-तर्कसंगत बताते हुए अधिसूचना को वापस लिए जाने की मांग की है। सीएचजेयू के अध्यक्ष राम सिंह बराड़, प्रदेश चेयरमैन बलवंत तक्षक ने मुख्यमंत्री नायब सिंह को दिए ज्ञापन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पत्रकारों के लिए 10 हजार महीना पेंशन को बढ़ाकर 15 हजार करते समय जो अधिसूचना जारी की है, उसमें कुछ शर्तें ऐसी जोड़ी गई हैं, जो तर्कसंगत नहीं है। प्रतिनिधिमंडल में ललित धीमान, अख्तर फारूखी, पुनीत भास्कर, जगदीश असीजा, राजेश सलूजा, विनोद शर्मा, रविशंकर शर्मा, एचएस चहल, जगवीर, घनश्याम भी शामिल थे। सीएचजेयू प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री नायब



सिंह को पगड़ी व शाल पहनाकर उनका सम्मान भी किया गया। सीएचजेयू ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि 14 नवंबर, 2023 की अधिसूचना को वापस लिया जाए। सीएचजेयू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पत्रकारों को कर्मचारियों की तरह कैशलैस मेडिकल सुविधा देने का ऐलान किया था। अभी तक पत्रकारों को कैशलैस मेडिकल कार्ड नहीं मिले हैं। सीएचजेयू ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सभी पत्रकारों को यह सुविधा देते हुए पत्रकारों के कैशलेस मेडिकल कार्ड जल्दी बनवाए जाएं और पत्रकारों की निशुल्क बस सुविधा पर लगी किलोमीटर सीमा हटाने सहित पत्रकारों की अन्य लंबित सभी मांगे भी जल्दी लागू करवाएं। सीएचजेयू ने कहा कि विभाग द्वारा जारी नई अधिसूचना अनुसार परिवार के सिर्फ एक सदस्य को ही पेंशन मिल सकेगी। यानि अगर पति व पत्नि दोनों पत्रकार हैं तो उनमें अगर पति को पहले पेंशन शुरू हो गई तो पत्नि को पेंशन नहीं मिलेगी। पुराने नियमों में ऐसी कोई पाबंदी नहीं थी। इसके अलावा पुराने नियमों में यह प्रावधान था कि अगर पेंशन पाने वाले पत्रकार का निधन हो जाता है, तो उसके जीवन साथी (पत्नि अथवा पति) को पूरी पेंशन मिलेगी। यानि उस समय पत्रकार का निधन होने पर उसके जीवन साथी को पूरी 10 हजार रूपए महीना पेंशन मिलती थी। नए नियमों के अनुसार अब उनके लिए पेंशन 10 हजार से बढ़कर 15 हजार होने की बजाय घटाकर 7,500 रूपए कर दी गई है। इन नियमों में एक यह भी प्रावधान किया है कि किसी पत्रकार के खिलाफ कोई भी मामला दर्ज होने पर उसकी पेंशन बंद कर दी जाएगी, यह शर्त भी न्यायसंगत नहीं है। इसके अलावा भी पेंशन प्रदान करने के नियमों को सरल करने की बजाय अब और ज्यादा कड़े व सख्त कर दिए हैं। नए नियमों में यह भी प्रावधान किया है कि पेंशन पाने वाले पत्रकारों के लिए पीपीपी कार्ड जरूरी है। पेंशन पाने वाले चंडीगढ़ व अन्य स्थानों पर रह रहे पत्रकारों के पीपीपी कार्ड बन नहीं रहे हैं। सीएचजेयू प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पत्रकारों की मांगों व उन्हें पेश आ रही दिक्कतों को ध्यान से विस्तारपूर्वक सुना और इस संबंध में उनका रवैया बेहद सकारात्मक रहा।

# हरियाणा अकादमी द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 6 अप्रैल :** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा वर्ष 2023 के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हरियाणा अधिवासी लेखकों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि अकादमी द्वारा श्रेष्ठ कृति (साहित्यिक) पुरस्कार योजना, पाण्डुलिपि प्रकाशन प्रोत्साहन योजना, कहानी प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, नाटक प्रतियोगिता आदि योजनाओं के अंतर्गत हरियाणा अधिवासी लेखकों से 15 मई, 2024 तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि अकादमी द्वारा उक्त सभी योजनाओं के लिए हिन्दी, संस्कृत, हरियाणवी, अंग्रेजी, पंजाबी, तथा उर्दू भाषाओं में लिखने वाले सभी लेखक अपनी साहित्यिक कृतियां या पाण्डुलिपियां इन योजनाओं के लिए अकादमी को भेज सकते हैं। उन्होंने ने यह भी कहा कि अकादमी द्वारा वर्ष 2024 से हिन्दी, संस्कृत, हरियाणवी, तथा पंजाबी भाषा में पहली बार नाटक प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं कहानी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इन सभी योजनाओं की विस्तृत नियमावली तथा आवेदन के लिए अपेक्षित प्रपत्र आदि अकादमी की वेबसाइट https://haryanaakademi.ac.in/ पर उपलब्ध हैं। लेखकों से अनुरोध है कि वे अकादमी वेबसाइट से प्रपत्र आदि प्राप्त करके अपनी प्रविष्टियां निर्धारित तिथि से पहले अकादमी कार्यालय में दस्ती अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से पहुंच सुनिश्चित कर ले। उन्होंने यह भी बताया कि पंचकूला स्थित अकादमी भवन परिसर को एक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में पहचान दिलाने के लिए अकादमी का महाराजा दाहिरसेन सभागार साहित्यिक आयोजनों के लिए संस्थाओं को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है। इच्छुक संस्थाएं अकादमी वेबसाइट पर निर्धारित प्रपत्र के अनुसार सभागार का आरक्षण निःशुल्क करवा सकते है।

# प्राइवेट स्कूलों का एमआईएस पोर्टल बंद, बच्चे अगली कक्षा में नहीं हो पा रहे ट्रांजिस्ट

## *हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ ने जताई आपत्ति, पोर्टल जल्द शुरू करने की उठाई मांग*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ ने शिक्षा विभाग की ओर से एमआईएस पोर्टल प्राइवेट स्कूलों के लिए अभी तक शुरू न करने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि विभाग ने सरकारी स्कूलों का एमआईएस पोर्टल तो शुरू कर दिया है, लेकिन अभी तक प्राइवेट स्कूलों के लिए यह पोर्टल ओपन नहीं किया गया है। इसके चलते प्राइवेट स्कूल न तो बच्चों को अगली कक्षा में ट्रांजिस्ट कर पा रहे हैं और न ही बच्चों की एसएलसी कट रही है। वहीं पोर्टल शुरू न होने के कारण नए एडमिशन भी नहीं हो पा रहे हैं, जिससे प्राइवेट स्कूलों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुंडू ने कहा कि अप्रैल में अब नया सेशन शुरू हो गया है। सभी स्कूलों की ओर से बोर्ड कक्षाओं को छोड़कर रिजल्ट भी घोषित किया जा चुका है। ऐसे में बच्चों को अगली कक्षा में ट्रांजिस्ट किया जाना है, लेकिन विभाग की ओर से प्राइवेट स्कूलों का एमआईएस पोर्टल शुरू न करने के कारण बच्चों का अगली कक्षा में एडमिशन नहीं किया जा रहा। इसके अलावा कई बच्चे पुराने स्कूलों से एसएलसी लेना चाहते हैं, वह भी पोर्टल बंद होने के कारण नहीं दी जा पा रही है। जबकि सरकारी स्कूलों का पोर्टल सुचारू रूप से चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों के साथ इस तरह का भेदभाव कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूल विभाग के साथ पूरी तरह से तालमेल रखते हैं और जरूरत पड़ने पर विभाग की हर संभव सहायता की जा रही है। फिर भी उनके साथ दोगला व्यवहार समझ से परे है। उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों से आग्रह किया कि वे प्राइवेट स्कूलों के समक्षा आ रही इस परेशानी तो तुरंत दूर कराएं ताकि प्राइवेट स्कूल भी अपने बच्चों को अगली कक्षा में प्रमोट कर सके तथा पोर्टल से संबंधित अन्य जरूरी काम भी सुचारू रूप से चल सके। उन्होंने कहा कि अगर इस दिशा में जल्द ही कोई कदम नहीं उठाया गया तो इस मामले को संघ का प्रतिनिधिमंडल विभाग के उच्चाधिकारियों व शिक्षा मंत्री क संज्ञान में लाएगा ताकि स्कूलों की परेशानी जल्द से जल्द दूर की जा सके।

# विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिभा खोज जैसे कार्यक्रम जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में प्रतिभा खोज के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित











**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में प्रतिभा खोज के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिभा खोज जैसे कार्यक्रम जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। हमारी संस्कृति का इतिहास भी सबसे प्राचीन है। संस्कृति का प्रचार एवं प्रसार करने के साथ-साथ विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए विश्वविद्यालय में समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का भी आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। विद्यार्थी हमारे देश का उज्वल भविष्य हैं। विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि वे समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आगे आएं। कुलपति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। प्रतिभा खोज कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने वेस्टर्न डांस, राजस्थानी एवं हरियाणवी नृत्य, भंगडा, पन्नी डांस तथा हरियाणवी स्कीट सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### नाटक के माध्यम से कलाकारों ने मतदान के लिए भी किया प्रेरित

कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में बिना किसी भय, लोभ, लालच के मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। मंच संचालन छात्र मनोज, जस्मीन, नवीन, अनुराधा तथा प्रिती ने किया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एस के पाहुजा ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि छात्र एवं छात्राओं ने जिस जोश एवं ऊर्जा के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं उस जोश को अन्य कार्यों में भी बनाए रखे। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई पर फोकस करने का भी आह्वान किया ताकि वे अपने निर्धारित लक्ष्य कि प्राप्ति कर सकें।

# हिसार में बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का 134वां जन्मोत्सव समारोह 13 अप्रैल को : ओपी मेहरा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** समस्त अंबेडकरवादी समाज सभा रजिस्टर्ड हांसी की ओर से भारतीय संविधान के निर्माता एवं देश के प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का 134वां जन्मोत्सव समारोह 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। सभा के सचिव ओपी मेहरा ने बताया कि आदर्श सिनेमा ग्राउंड डॉक्टर अंबेडकर चौंक हांसी में शनिवार को यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। ओपी मेहरा ने बताया कि कार्यक्रम में हांसी के विधायक विनोद भ्याना मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड भारत सरकार के अधीक्षक बलराज



सिंह मेहरा करेंगे। कार्यक्रम में गुलाब दासी आश्रम हांसी के संत श्री विजेंद्र दास महाराज एवं शेखपुरा के पूर्व सरपंच महावीर सिंह वशिष्ठ अतिथि होंगे। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर प्रधान अभयराम आल्हाण, मुख्य संरक्षक बलराज सिंह मेहरा, सचिव ओपी मेहरा, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद, संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास सेवा समिति हांसी के प्रधान रामलाल न्यौलिया, उपप्रधान महेंद्र गिल, महासचिव सतबीर मेहरा, कोषाध्यक्ष भगवान दास खिंची, महर्षि वाल्मीकि मंदिर एवं धर्मशाला चैरिटेबल ट्रस्ट हांसी के प्रधान विकास बिडलान, डा. बीआर अंबेडकर युवा सेवा समिति हांसी के प्रधान कृष्ण कुमार का सहयोग रहेगा।

# आइस स्केटिंग में दिखेगा स्पीड़ स्केटर्स का जलवा, मिशन विंटर ओलंपिक–2026 की तैयारी में जुटा हरियाणा

## *चयनित टापर्स को नेशनल से लेकर विंटर ओलम्पिक तक मिलेगी मदद, ओलम्पिक क्वालीफाई पांच खिलाड़ियों को नि:शुल्क मिलेगी ए टू जेड सुविधाएं*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार/ गुरुग्राम/ फतेहाबाद, 6 अप्रैल (देवेन्द्र उप्पल) :** विन्टर ओलम्पिक गेम आइस स्केटिंग को हरियाणा प्रदेश में बढ़ावा देने के लिए हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन ने विशेष योजना तैयार की है। हरियाणा प्रदेश में नीदरलैंड पैटर्न को अपनाते हुए एसोसिएशन इस खेल के खिलाड़ियों को अब पहले से अधिक ईवेंट में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगी वहीं सामान्य स्पीड़ स्केटिंग के नेशनल लेवल के खिलाड़ियों को भी खेलो इण्डिया से लेकर ओलम्पिक तक खेलने का मौका देगी। जिसके अर्न्तगत हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन जिला स्तर पर स्पीड एवं फिगर आइस स्केटिंग के ईवेंट के लिए तय प्रत्येक आयु वर्ग में पांच-पांच स्केटर्स को आइस स्केटिंग खेल से जोड़ेगी। जिसमें नेशनल से लेकर विंटर ओलम्पिक-2026 के लिए चयनित स्केटर्स को ट्रेनिंग से लेकर आर्थिक मदद दी जाएगी। जिसमें प्रदेश से ओलम्पिक क्वाईलीफाई पांच खिलाड़ियों को सभी प्रकार की सुविधाएं पूर्ण से निःशुल्क प्रदान की जाएगी। उसके समकक्ष प्रतियोगिताओं में चयनित 10 खिलाड़ियों को विशेष मदद दी जाएगी। यह जानकारी देते हुए हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान एवं महासचिव नरेश सेलपाड़ ने बताया कि इसके लिए सभी जिलों के खिलाड़ी या कोच एसोसिएशन से 15



अप्रैल 2024 तक संपर्क कर सकते हैं। उनके अनुसार जहां प्रदेश के सभी सामान्रू स्केटर्स को एसोसिएशन में जोड़ा जाएगा, वहीं विगत वर्षो के स्पीड़ ईवेंट के नेशनल चैम्पियन को विशेष महत्व दिया जाएगा। एसोसिएशन महासचिव नरेश सेलपाड़ के अनुसार हरियाणा प्रदेश में नीदरलैंड पैटर्न पर अब आइस स्केटिंग और ऑफ आइस स्केटिंग कैंप लगाए जाएंगे। जिससे कि बेहत्तरीन खिलाड़ियों को आइस स्केटिंग खेल से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में होने वाले यूथ गेम्स, वर्ल्ड कप सहित विदेशों में होने वाले आइस स्केटिंग के सभी प्रकार के ईवेंट को लेकर उनकी नीति एवं रणनीति स्पष्ट है। जिसमें राज्य के चयनित टापर्स खिलाड़ियों को उनकी योग्यता के आधार पर सुविधा, प्रशिक्षण एवं दूसरे प्रकार की मदद प्रदान की जाएगी। इसके लिए स्टेट एसोसिएशन, राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के साथ-साथ प्राईवेट कंपनियों से मदद लेने की योजना है।

**किस आयु वर्ग पर रहेगा फोकस**

इटली के मिलान और कोर्टिना में आयोजित होने वाले 25वें शीतकालीन ओलंपिक में हरियाणा की भागेदारी तय करने के लिए हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन होनहार स्केटर्स की तलाश कर रही है। जिसमें मुख्य रुप से अलग-अलग प्रतियोगिताओं के लिए स्पीड एवं फिगर आइस स्केटिंग के ईवेंट के लिए अन्डर-6, 6 से 8, 8 से 10, 10 से 13, 13 से 15, 15 से 17, 17 से 19 आयु वर्ग व 19 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के स्केटर्स को पहले से अधिक सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

**क्या है नीदरलैंड पैटर्न**

हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के महासचिव नरेश सेलपाड़ के अनुसार मिशन विंटर ओलंपिक-2026 को कामयाब बनाने के लिए प्रदेश में नीदरलैंड के मॉडल को अपनाया गया है। उनके अनुसार नीदरलैंड में आइस स्केटिंग रिंगों की कमी के कारण वहां के अधिकांश आइस स्केटर्स सामान्य रिंगों में अभ्यास करते हैं। उसके बाद चयनित स्केटर्स के आइस स्केटिंग रिंग में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उसी प्रकार प्रदेश के आइस स्केटर्स की दक्षता एवं जरूरत के हिसाब से आइस स्केटिंग रिंग में प्रशिक्षण देने की योजना तैयार की गई है। है। इस कड़ी में हरियाणा के 100 सामान्य स्केटर्स को इस वर्ष आइस स्केटिंग खेल से जोड़ा जाएगा।

**इन पर रहेगा फोकस**

महासचिव नरेश सेलपाड़ के अनुसार जिलावार टॉपर्स खिलाड़ियों का डाटा तैयार करने, खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दिलवाने, अधिक से अधिक ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन करने, कोच के लिए वित्तिय मदद करने के लिए रणनीति बनाने व हरियाणा प्रदेश में ओलम्पिक खेल आईस स्केटिंग को ओर अधिक लोकप्रीय बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

**खेल कोटे से मिलेगी नौकरियां**

आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा के अनुसार ओलम्कि खेल आइस स्केटिंग में अपार संभावनाएं हैं। युवा पीढ़ी को इस खेल से जोड़ने के लिए अधिक प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही शीतकालीन खेलों के लिए देश के 12 से अधिक राज्यों की सरकारी नौकरियों एवं दूसरी सुविधाओं में तीन प्रतिशत विशेष कोटा है। जिसे जल्द ही पूरे देश में लागू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेलों की राजधानी हरियाणा पर विशेष फोकस रहेगा।

**कहां-कहां खेला जाता है आइस स्केटिंग खेल**

हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान एवं महासचिव नरेश सेलपाड़ के अनुसार विंटर ओलम्पिक खेल आइस स्केटिंग वर्तमान में देश के 20 से अधिक राज्यों व चार केन्द्र शासित प्रदेशों में खेला जाता है। जिनमें से मुख्य रुप से तेलंगाना, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, लद्‌ाख, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, झारखण्ड, केरल, मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिमी बंगाल, तेलगांना, छत्तीसगढ़ में यह खेल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

**भारत में आइस स्केटिंग के रिंग/रिंक**

आइस स्केटिंग खेल दो प्रकार के मैदानों में खेला जाता है। जिसमें जहां प्राकृतिक रूप से तालाबों, झीलों, नहरों और नदियों जैसे जल निकायों के जमने से बने खेल मैदानों (आउटडोर आइस रिंग/रिंक)के अलावा मानव निर्मित बर्फ मैदानों/ स्टेडियमों (इंडोर आइस स्केटिंग रिंग/रिंक) की सतहों पर यह खेल खेला जाता है।

### *देश में इंडोर आइस स्केटिंग रिंक*

*1. आईस्केट रिंग, एंबिएंस मॉल, गुरुग्राम।*
*2. दून आइस स्केटिंग रिंग, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, रायपुर, देहरादून। में स्थित है ।*
*3. एस्सेल वर्ल्ड, मुंबई*
*4. नेप्च्यून मैग्नेट मॉल, लोअर पवई, एलबीएस मार्गमुंबई।*
*5. स्पार्कीज़ आइस स्केटिंग, अंतर्राष्ट्रीय शॉपिंग मॉल, एडापल्ली, कोच्चि।*

### *भारत में आउटडोर आइस रिंग/रिंक*

*1. शिमला आइस स्केटिंग रिंक, सर्कुलर रोड, शिमला, हिमाचल प्रदेश।*
*2. गुलमर्ग आइस रिंग, पर्यटन मंत्रालय, जम्मू और कश्मीर सरकार।*
*3. लेह आइस रिंग, लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेश।*
*4. कारगिल, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश।*

# लोकसभा के साथ साथ विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से शुरू कर दे वर्कर : दुष्यन्त चौटाला

## नारनौंद हलके का किया दौरा, कहा-हिसार की आवाज को लोकसभा में सुनने को बेताब है जनता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** लोकसभा चुनाव के कुछ ही समय बाद में हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं इसलिए जननायक जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जी-जान लगा कर अपने-अपने लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रचार व जन जागरण अभियान में जुट जाए। नवरात्रि में चुनाव समिति की बैठक होगी जिसमें जजपा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी जाएगी। यह बात पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने आज नारनौंद हलका के एक दर्जन से अधिक गांवों के दौरा कार्यक्रम के दौरान कही। नारनौंद हलके के दौरा कार्यक्रम की शुरूवात मिर्चपुर गांव से की गई व दोपहर तक कोथ खुर्द, कोथ कलां, नाड़ा, गैबीनगर, हैबतपुर, गामड़ा के पार्टी कार्यकर्ताओं, बूथ-योद्धाओं, बूथ-सखियों व मतदाताओं के कार्यक्रम हो चुके थे। सभी गांवों में पहुंचने पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का फूलों की वर्षा, ढोल-नगाड़ों व युवाओं के काफिलों के साथ जोरदार स्वागत स्वागत किया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने कहा कि जजपा दस की दस लोकसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ते हुए भाजपा, कांग्रेस, आप सहित सभी विपक्षी पार्टियों को हराने के लिए कमर कस चुकी है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पार्टी ने हिसार और भिवानी लोकसभा क्षेत्रों में जन जागरण अभियान की उनकी ड्यूटी लगाई है। दोनों लोकसभा के लोगों से मिलने के बाद उन्होंने साफ तौर पर महसूस किया है कि पिछले सांसद सदन में हरियाणा की आवाज उठाने में फेल रहे हैं। सांसदों ने गूंगे-बहरे बन कर अपना कार्यकाल पूरा किया है। दुष्यंत ने कहा कि जब वे हिसार से सांसद थे तो पूरे देश में हरियाणा की आवाज की धमक जाती थी। उनके कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र में करवाये गए कार्यों को जनता आज भी याद कर रही है। हिसार की जनता संसद में अपने क्षेत्र की आवाज सुनने के लिए बेताब हैं। इसलिए अब हिसार लोकसभा सहित सभी दस सीटों पर हरियाणा की जनता जजपा को ताकत देने का मन बना चुकी है। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उम्मीदवारों के बदलने अफवाह उड़ना भी इस बात का स्पष्ट इशारा है कि भाजपा ग्राउंड पर जम नहीं पा रही है। कांग्रेस सरकार से लड़ने की बजाय आपस में लड़ने के लिए अपनी सारी ऊर्जा लगा रही है। इसलिए जजपा के लिए इस बार सुनहरा अवसर है जिसको जजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता ग्राउंड पर मेहनत करके मूर्त रूप देगा।

# भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र हिसार में एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, हॉकी तथा कुश्ती चयन स्पर्धा 8 अप्रैल से

## 9 से 18 वर्ष की आयु के लड़के एवं लड़कियां ले सकंगे स्पर्धा में भाग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र द्वारा संचालित परिक्षण केंद्र हिसार जो कि युवा खेल प्रतिभाओं के संर्वागीण विकास के लिए प्रयत्नशील है। इस केंद्र में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं ओलंपिक स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में कीर्तिमान स्थापित कर राज्य एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। यह जानकारी देते हुए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र हिसार के सहायक निदेशक निशांत कुमार मौर्य ने बताया कि युवा मामले और खेल मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय खेल प्राधिकरण खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चयन स्पर्धा परीक्षण कार्यक्रम 8 अप्रैल से 10 अप्रैल 2024 तक भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र हिसार में प्रातः 8 बजे से आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को एथलेटिक्स तथा बॉक्सिंग, 9 अप्रैल को बॉक्सिंग तथा हॉकी एवं 10 अप्रैल को हॉकी तथा कुश्ती स्पर्धा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्पर्धा में 9 से 18 वर्ष की आयु के लड़के एवं लड़कियां दोनों भाग ले सकते हैं। सहायक निदेशक निशांत कुमार मौर्य ने बताया कि एथलीट https://mybharat.gov.in/ पोर्टल पर पंजीकरण कर अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ, जन्म तिथि प्रमाण पत्र हेतु दसवीं कक्षा की मार्कशीट, आधार कार्ड, पासपोर्ट या अन्य कोई वैध सरकारी प्रमाण पत्र तथा एक वैध फोन नंबर के साथ भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र हिसार में मूल रूप में जमा करवाने होंगे। इसके अलावा एथलीट अपने सभी दस्तावेज लेकर केंद्र पर भी जाकर भी अपना पंजीकरण करवाकर कीर्ति कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिभा मूल्यांकन को दो भागों में विभाजित किया गया है, जिसमें 10 शारीरिक और खेल विशिष्ट परीक्षण शामिल होंगे। स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी एथलीटों को इन परीक्षणों से गुजरना होगा। परीक्षण के आधार पर ही उनका मूल्यांकन होगा और उनके प्रदर्शन के आधार पर ही उन्हें कीर्ति रिपोर्ट कार्ड दिया जाएगा।

# मोठसरा के सरकारी स्कूल में डेंटल चेक अप कैम्प



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** गाँव मोठसरा के सरकारी स्कूल में पीएचसी काजला से दन्त चिकित्सक डॉ पैतृका कम्बोज के द्वारा डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया। बच्चों को स्वास्थ मुख का का महत्व बताया और उन्होंने बताया के दांतों की बीमारियों का शरीर पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है, दिन में दो बार ब्रश जरुर करना चाहिए, दूध के दाँतों की भी उचित देखभाल ज़रूरी है। दाँत की बिमारियों के शुरूआती लक्षण (दांत में कालापन, कैविटी, मीठा या ठंडा खाने पर सेंसिटिविटी, मसूड़ों से खून आना, मुँहसे बदबू आना) दिखते ही दांतों के डॉक्टर को दिखाना चाहिए, दर्द होने तक इंतज़ार नहीं करना चाहिये। समय पर इलाज करवाने से बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया हुक्का और बीड़ी पीना हमारी सेहत के लिए हानीकारक है, यह मुँह और फेफड़ो के कैन्सर का कारण बन सकतें हैं। इससे पहले विश्व मुख स्वस्थ्य दिवस के चलते डॉ पत्रिका ने काजला, दुर्जनपुर और जगान के आंगनवाडाड़ी केंद्रों में भी कैम्प लगाये, आशा, आँगनवाडी वर्करो को उनके संपर्क पे आने वाले आमजनों को दांतों और की बिमारियों और मुँह के कैंसर की स्क्रीनिंग करवाने के लिए जागरुक करने को प्रेरित किया। काजला के हस्पताल में गर्भवती महिलाओं व सरकारी स्कूल में बच्चों के लिए कैम्प लगाया गया।

# सैनिक स्कूलों को संघीमय बनाने पर उतारू केंद्र सरकार : कुमारी सैलजा

## *आरएसएस व भाजपाइयों को फायदा पहुंचाने के लिए शुरू किया पीपीपी मोड*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 6 अप्रैल :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सीडब्ल्यूसी की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने देश के सैनिक स्कूलों में राष्ट्रभक्ति की बजाए अपने संगठनों की विचारधारा को परोसने का षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया है। सैनिक स्कूलों को संघीमय बनाने के लिए ही इनमें पीपीपी मोड की शुरुआत की गई। पीपीपी मोड लागू करने के बाद आरएसएस व भाजपाइयों को सैनिक स्कूल चलाने की इजाजत देने से साफ है कि यहां पढने वाले छात्रों के दिमाग में संघी विचारधारा बनने की शुरुआत हो चुकी है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि रिपोर्टर्स क्लेक्टिव की ताजा रिपोर्ट से साफ है कि 62 प्रतिशत नए सैनिक स्कूल संघ परिवार, भाजपा के नेताओं व उनके सहयोगियों द्वारा चलाए जा रहे हैं। आठ स्कूलों का प्रबंधन तो आरएसएस या फिर उसके सहयोगी संगठन करते हैं, जबकि छह स्कूल हिंदू धार्मिक संगठनों से जुड़े हैं। यह सब कुछ एक दिन में नहीं हुआ, बल्कि साजिश के तहत इसे अंजाम दिया गया है, ताकि छात्रों की विचारधारा को ये बचपन से ही अपने अनुसार बदल सकें। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैनिक स्कूल व मिलिट्री स्कूल का मुख्य कार्य छात्रों को विद्यार्थी जीवन से ही सेना की तरह अनुशासित जीवन में ढालना और सेना की जरूरत के अनुसार अफसर तैयार करना होता है। हरियाणा में दो सरकारी सैनिक स्कूल करनाल और रेवाड़ी जिले में पहले से चल रहे हैं। जबकि, पीपीपी मोड पर एक सैनिक स्कूल फतेहाबाद जिले के खारा खेड़ी में शुरू हो चुका है। कुमारी सैलजा ने कहा कि अब कुरुक्षेत्र जिले में पीपीपी मोड पर एक और सैनिक स्कूल शुरू करने का फैसला केंद्र सरकार ने लिया है, जो सरासर गलत है। जैसे-जैसे पीपीपी मोड वाले सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़ेगी, सरकार पहले से चल रहे सैनिक स्कूलों व मिलिट्री स्कूलों को भी पीपीपी मोड पर ले आएगी। जबकि, सरकार को चाहिए कि वह सैनिक व मिलिट्री स्कूलों की संख्या को तो बढ़ाए, लेकिन पीपीपी मोड पर खोलने की बजाए पहले की तरह सरकारी पैटर्न पर खोले। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैनिक स्कूलों में पढने वाले छात्रों के अंदर देश सेवा व देश की रक्षा का जज्बा ही भरा जाना चाहिए, न की किसी पार्टी या संगठन की विचारधारा को थोपा जाए। इससे छात्रों की नींव कमजोर होगी। वे देश और इसके धर्म निरपेक्ष सिद्धांत की बजाए उस संगठन के लोगों से मिले विचारों को ही आत्मसात करने लग जाएंगे, जो आगे चलकर देश व समाज के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं।

# भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री बने विक्रम श्योराण

## भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से हुआ गठन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** भारतीय मजदूर संघ जिला हिसार की बैठक पारिजात चौक के पास स्थित विवेकानंद भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरजीत ने की तथा मंच संचालन जिला मंत्री सुनील ढिल्लो ने किया। बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में चुनाव अधिकारी के रूप में विभाग प्रमुख एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुभाष वर्मा तथा प्रांत मंत्री देवीलाल गुराना उपस्थित रहे। बैठक में संगठन के वरिष्ठ सदस्य हर्षवर्धन जोशी व प्रांत मंत्री देवीलाल गुराना ने सभी का मार्गदर्शन किया और प्रदेश स्तर पर चल रही संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ कर्मचारी हित में अनेकों कार्य करवा चुका है और अनेक मुद्दों को लेकर संघर्षरत है। उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने संगठन को मजबूत बनाएं। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुरजीत कुमार अध्यक्ष, मुकेश कुंडू व कृष्ण कुमार उपाध्यक्ष, विक्रम श्योराण जिला मंत्री, बंटी सैनी व नसीब ढांडा सह सचिव तथा भजन लाल को वित्त सचिव चुना गया। इस अवसर पर अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश महासचिव ओमबीर यादव, उपाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष विकास बैनीवाल, जिला अध्यक्ष रामकेश श्योराण, जिला सचिव पवन गूंदली, सह सचिव विजयपाल शर्मा, सह कोषाध्यक्ष संदीप घोड़ेला, डिवीजन नंबर एक के अध्यक्ष विपिन अत्रि, अमित विज, मुकेश सहित भारतीय मजदूर संघ से संबंधित सभी घटक संगठनो के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र व छात्राओं को मतदान करने के लिए किया प्रेरित




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया के निर्देशानुसार विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया व शपथ भी दिलवाई गई। गुरु दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के संबंध में विद्यार्थियों को निष्पक्ष शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलवाने के साथ-साथ चुनाव संबंधी विभिन्न स्वीप गतिविधियां करवाई गई। कार्यक्रम में चार्ट पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि 1 अप्रैल 2024 को जिनकी आयु 18 वर्ष आयु पूर्ण हो चुकी है और जिनका अभी तक उनका वोट नहीं बना है, वो विद्यार्थी अपना वोट बनवाने के लिए फार्म नंबर 6 भरकर संबंधित स्टाफ सदस्यों के पास फार्म जमा करवा सकते हैं।

# आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार में विद्यार्थियों को किया वायुजनित रोगों के प्रति जागरूक




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल हिसार में बच्चों को वायु के द्वारा फैलने वाले रोगों के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर मेजर शिखा ने विद्यार्थियों को वायु के माध्यम से फैल रही बीमारियां जैसे मम्प्स और चेचक के विषय में विस्तार से बताया और साथ ही उनके लक्षण व उनसे बचाव की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को इन रोगों से बचने के लिए निरंतर पानी का सेवन करते रहने, संतुलित आहार लेने और स्वयं को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया ताकि बच्चे स्वयं इन रोगों के प्रति सचेत रहें और दूसरों को भी सचेत कर सकें। विद्यार्थियों ने भी जिज्ञासावश इस विषय पर अपने प्रश्न पूछे। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर कविता जाखड़ ने भी विद्यार्थियों को इन रोगों के प्रति सावधानी बरतने के लिए कहा और साथ ही मेजर शिखा को भी इन रोगों के प्रति जानकारी बच्चों से सांझा करने के लिए धन्यवाद किया।

# तैयार हो जाइए भाभी-देवर के नोक झोंक भरे रिश्ते का मज़ा लेने के लिए सिमरन चौधरी और एडेन के 'नी भाभी' में



**पाठकपक्ष न्यूज**

**करनाल, 6 अप्रैल :** फोल्किन रानी ईपी से पंजाबी संगीत उद्योग को मंत्रमुग्ध करने के बाद, पंजाबी पॉप सेंसेशन, सिमरन चौधरी अपना नया एकल, 'नी भाभी' लेकर आई हैं। यह ट्रैक पुरानी पंजाबी लोककथाओं और शादियों के गीतों/किस्सों का स्मरण कराता है। अपनी संक्रामक बीट और चुलबुले बोलों के साथ, यह ट्रैक इस साल का सबसे अच्छा डांस-फ्लोर नंबर बन जाएगा। लाइव इंस्ट्रुमेंटल बैकड्रॉप में स्थित 'नी भाभी' में एक देवर की उत्साह से भरी कहानी का चित्रण किया गया है, जो अपनी भाभी से अपनी प्रेमिका को प्रभावित कैसे करें, यह पूछ रहा है। चुलबुली लय और लहरदार धुन के साथ इस गीत में देवर और भाभी के बीच के रिश्ते और दोस्ती का सार पेश किया गया है। इसकी कहानी में गहराई और तल्लीनता का बेमिसाल मिश्रण कंपोजर और लिरिसिस्ट राजा ने किया है और दमदार आवाज एडेन की है, जिन्होंने ट्रैक को प्रोड्यूस भी किया है। इन तीनों ने इस गीत के जरिए सदियों पुरानी पंजाबी परंपराओं को आधुनिक रूप में जीवंत किया है। इस ट्रैक का संगीत वीडियो बहुत ही वाइब्रेंट है, जो दर्शकों को रंगों और मस्ती की दुनियां से रूबरू कराता है। तेजी संधू द्वारा निर्देशित इस वीडियो में गीत का सार पारंपरिक और आधुनिक नृत्य शैली के मिश्रण द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इसमें डांस फ्लोर पर भाभी और देवर के बीच की दोस्ती के तालमेल का मनमोहक चित्रण किया गया है। 'नी भाभी' की रिलीज के बारे में गायिका सिमरन चौधरी ने कहा, नी भाभी मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव रहा। इस ट्रैक में देवर और भाभी के बीच नोकझोंक और दोस्ती का अनूठा बंधन पेश किया गया है। सिंगर और कंपोजर के रूप में 'नी भाभी' में मुझे अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए नई साउंड और स्टाइल के साथ प्रयोग करने का अवसर मिला। इसमें पारंपरिक पंजाबी तत्वों और आधुनिक बीट्स का बेमिसाल मिश्रण है। मैं इस खुशनुमा ट्रैक को श्रोताओं द्वारा सुने जाने के लिए उत्सुक हूँ। प्रोड्यूसर, सिंगर और कंपोजर एडेन ने कहा, मैंने जब पहला कट सुना, तभी से समझ गया कि 'नी भाभी' कुछ खास है। इस ट्रैक को बनाने के लिए सिमरन के साथ काम करना मेरे लिए एक शानदार अनुभव था और हमने जो बनाया है उस पर मुझे गर्व है। यह एक ऐसा गाना है जो लोगों को साथ लाता है। मैं उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूँ, जब इस ट्रैक की ऊर्जा और भावना का अनुभव हमारे फैंस तक पहुँचेगा।

# राजीव नगर में टूटे नाले का हिस्सा रिपेयर करवाए जन स्वास्थय विभाग : हिन्दुस्तानी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** जागो मानव बनो इंसान संस्था के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता गंगापुत्र राजेश हिंदुस्तानी ने राजीव नगर से महावीर कालोनी जाने वाले रास्ते पर पेयजल नाले का खुला हिस्सा और रोड पर गंदगी और टूटा नाले का पानी दिखाते हुए कहा कि इसे प्रशासन तुरंत रोके ताकि खुले पेयजल नाले में कोई बच्चा या पशु गिरकर हादसा होने से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि काफी समय से रोड पर गंदगी फैलने से हादसे होते हैं और पेयजल में भी गंदगी मिलती है। हिन्दुस्तानी ने 7 साल तक धरने से ये पेयजल नहर कवर हुई परंतु प्रशासन व नेताओं की बेरुखी से ये हालात बने हैं जो कोई गौर नहीं करता। हालांकि हिन्दुस्तानी ने बताया कि उनकी मांग थी जलघर की बाहर व की दीवारों का ऊंचा करने की वो तो अभी लंबित है परंतु बाहार की टूटी दीवारों से जो पशु महावीर कालोनी जलघर में जा गिरते थे वो पब्लिक हैल्थ ने उसकी लिपाई करवा दी है और टैंक से निकली जो कई ट्राली मिट्टी थी वो भी उठवा दी है। शासन-प्रशासन व नेता जनता के पैसे का दुरुपयोग करने में लगे हैं जबकि लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। टाउन पार्क तथा हिसार के एंट्री गेट पर बेवजह करोड़ों खर्च परंतु शहर में कई जगह टूटी सड़कें, पीने के पानी में सवीरेज मिला पानी आना, सीवरेज का पानी रोड पर फैले रहना, स्ट्रीट लाइट आदि का सैक्टरों तक में बुरा हाल है। इस पैसे से जनता को ये सुविधाएं देनी चाहिए जबकि खुला भ्रष्टाचार घटिया सीमेंट, घटिया ईंटें व सामग्री लगाकर किया जाना सबूत है कि सरकार के विकास के दावे खोखले हैं। उन्होंने कहा कि शहर में हालात अंधी पीसे कुत्ता खाए वाले हैं। सरकार व प्रशासन जनता के पैसे को गलत जगह पैसे न लगाए।

**हिसार संसदीय सीट के कांग्रेस प्रभारी कांतिलाल बावरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक**

## चंद्र प्रकाश ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मुख्यमंत्रीत्व काल में लागू की गई सर्वहितकारी नीतियों व जनकल्याणकारी कार्यों का किया उल्लेख



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** हिसार संसदीय सीट के कांग्रेस प्रभारी श्री कांतिलाल बावरिया की अध्यक्षता में गत दिवस हिसार सीट के अंतर्गत नलवा विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंटों व कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व आईएएस श्री चंद्रप्रकाश ने इस मीटिंग का आयोजन किया। नलवा विधानसभा क्षेत्र के संयोजक श्री प्रवेश त्यागी, हिसार महिला कांग्रेस की ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रीमती संतोष जून तथा पार्टी के अन्य पदाधिकारियों सहित कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मीटिंग में भाग लिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री कांतिलाल बावरिया ने हलके के प्रत्येक बूथ के घर-घर जाकर प्रत्येक वोटर से समन्वय करने, वोट वेरीफाई करने, 18 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके युवक-युवतियां जिनके नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, उनका नाम वोटर लिस्ट में डलवाने का कार्य करने पर बल दिया। इस संदर्भ में चंद्रप्रकाश ने बताया कि यह कार्य आगामी 5 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। श्री बावरिया ने आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर लड़ने वाले उम्मीदवार का जी जान से सहयोग करने तथा पार्टी के 15 संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। इससे पहले वरिष्ठ नेता चंद्र प्रकाश ने अपने संबोधन में चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मुख्यमंत्रीत्व काल में कांग्रेस पार्टी द्वारा लागू की गई सर्वहितकारी नीतियों व जनकल्याणकारी कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस के शासनकाल में किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम मिलता था, समय पर सभी फसलों की खरीद होती थी, किसी प्रकार की प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उचित मुआवजा प्रदान किया जाता था, गरीबों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट मुफ्त में आबंटित किए गए, महंगाई दर काबू में थी, रोजगार के नए-नए अवसर सृजन किए गए, पिछड़ा वर्ग समाज के लिए ग्रुप ए तथा बी की सरकारी नौकरियों में आरक्षण सीमा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत की गई, जिसमें 10 प्रतिशत पद विशेष तौर पर बीसीए के लिए आरक्षित किए गए, प्रदेश में उचित कानून व्यवस्था के साथ-साथ अमन और चैन का माहौल था।

## भाजपा ने हमेशा राष्ट्रभक्ति की विचारधारा को अपनाकर मूल्य आधारित राजनीति की : तरुण जैन

*भाजपा जिला उपाध्यक्ष तरुण जैन ने भाजपा के स्थापना दिवस पर स्पष्ट की पार्टी की विचारधारा*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तरुण जैन ने कहा कि भाजपा हमेशा राष्ट्रभक्ति की विचारधारा की पोषक रही है। पार्टी के लिए देशहित सर्वोपरि है। इसलिए सभी योजनाएं देश व जनता को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा मूल्यों पर आधारित राजनीति की है। भाजपा के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए जैन ने कहा कि भाजपा किसी व्यक्ति, जाति या वर्ग विशेष का संगठन नहीं है। भाजपा के लिए पूरा देश ही एक परिवार के समान है। सिद्धांतों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय अखंडता, सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति व भारतीय जीवन मूल्यों को स्थापित करना पार्टी का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी के अथक प्रयासों से देश सुशासन, विकास व समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रचनात्मक सोच व दूरदृष्टि के चलते भारत की गरिमा को दुनियाभर में स्थापित किया जा रहा है। तरुण जैन ने कहा कि भाजपा सबका साथ-सबका विकास के लक्ष्य को लेकर निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी, नौकरीपेशा व महिलाओं सहित तमाम वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हुई हैं। इन महत्वाकांक्षी योजनाओं का सीधा लाभ किसानों, गरीबों व महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना सहित जनकल्याण की अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। जैन ने कहा कि जनहित की नीतियों की बदौलत भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 सीट का आंकड़ा पार करेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश की सेवा करेंगे।

## प्रतिदिन 500 बेसहारा गौ माता की गोभक्तों द्वारा निस्वार्थ भावना से सेवा की जाती है : असीजा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** यहां प्रतिदिन 500 बेसहारा गौ माता की गोभक्तों द्वारा निस्वार्थ भावना से सेवा की जाती है। इन 500 में काफी गाय गौ माता बिना दूध वाली हैं। इसके अलावा कुछ नंदी वह बछड़े भी है। निःस्वार्थ भावना से बेसहारा गौमाता की सेवा करने से परमपिता परमात्मा अति प्रसन्न हो कर गो भक्तों पर पर अपनी विशेष कृप्या बरसाते है। उक्त वक्तव्य स्थानीय दिल्ली रोड पर स्थित श्री योग भगवान कृष्ण कपिला गौशाला में गौशाला के प्रधान भीम सैन असीजा ने उपस्थित गोभक्तों के बीच व्यक्त किए। इस अवसर पर गोशाला में आए गोभक्तों ने गोमाता की परिक्रमा कर गाय माता के लिए हरे चारे, तूड़ी, दलिया, गुड़ की सवामणी लगाई। इस मौके पर सुनील कटारिया, महेश नारंग, हरि ओम, अशोक छाबड़ा, हैप्पी गेरा, विजय ढल, देस राज मनचंदा, हंस राज नारंग, नीरज ढींगड़ा, विशाल नागपाल, सजंय गिरधर, बलदेव ग्रोवर, गुलशन सेहरा, रविंद्र असीजा, आत्म प्रकाश चोपड़ा, सुभाष कथूरिया, लाल चंद महता, दीपक चोपड़ा, प्रवीण वर्मा, अनिल नारंग, कृष्ण सैनी, शरद कालड़ा, पवन वधवा, गौरव खुराना मनोज, कृष्ण, दीपक गुप्ता, गणेश कत्याल, डॉ महिपाल मुंजाल, ओपी बजाज, श्रवण पाहवा, महेश ग्रोवर, सुधीर मोंगिया, सुभाष मुखीजा, कृष्ण शर्मा, पाला राम बामणिया के अलावा काफी गोभक्त मौजूद रहे।

## आईडी डीएवी पब्लिक (सीनियर सेकेंडरी) स्कूल में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस



*पाठकपक्ष न्यूज*

***हिसार, 6 अप्रैल :** डाबड़ा रोड स्थित आई.डी.डी. ए.वी पब्लिक (सीनियर सेकेंडरी)स्कूल, हिसार में उपर्युक्त पंक्तियों को सार्थक करते हुए विश्व स्वास्थ्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की, जिसके अंतर्गत विशेष प्रार्थना सभा व कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डी.ए.वी एच.आर. जोन -ई की क्षेत्रीय सहायक निदेशिका श्रीमती सुनीता बहल व विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने विज्ञान विभाग के इन प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बच्चों को जीवन में स्वास्थ्य का महत्त्व समझते हुए कहा, कि हमें प्रतिदिन सुबह जल्दी उठना चाहिए, सैर करने जाना चाहिए, अपनी व अपने आस-पास की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए, ताजे फल व हरी सब्जियां खानी चाहिए।*

## इनेलो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. ताऊ देवीलाल को किया नमन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक ताऊ देवीलाल की 23 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज इनेलो पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्थानीय टाऊन पार्क स्थित ताऊ देवीलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और हवन यज्ञ में आहुति डालकर उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलने का प्रण लिया। इस दौरान सर्व धर्म प्रार्थना व सद्भावना सभा का भी आयोजन किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्म के धर्माचार्य ने अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने कहा कि जननायक चौ. देवीलाल आज भी कमेरे व मेहनतकश लोगों के दिलों में बसते हैं। इसका मुख्य कारण उनके द्वारा समाज के इन वर्गों के लिए जीवन पर्यंत भलाई के कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि पूर्व उप प्रधानमंत्री चौ. देवीलाल ने 15 वर्ष की छोटी सी उम्र में ही अपना जीवन देश के नाम समर्पित करने का फैसला ले लिया था तथा पूरे जीवन उन्होंने समाज के कमेरे वर्ग के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि जब चौ. देवीलाल इस प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तो बिना किसी जातिगत भेदभाव के सभी वर्गों के लिए जनहितैषी योजनाएं बनाई जिससे समाज के सभी वर्गों को काफी फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि आज देश में जिस प्रकार का माहौल बना हुआ है उसको देखते हुए आज जननायक चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलने की सबसे ज्यादा जरूरत है। इस अवसर पर पार्टी के जिला, हलका व विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यशाला का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल, हिसार में पांचवीं और छठी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आधार अस्पताल के सीनियर सर्जन डॉक्टर ने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जीवन बहुत मूल्यवान है। सड़क पर चलते समय हमें यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। लाल बत्ती और हरी बत्ती का ध्यान रखें। स्कूटी, मोटरसाइकिल पर जाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। यह यातायात के नियम हमारी ही सुरक्षा के लिए है। वद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. इंदु शर्मा ने अपना कीमती समय विद्यार्थियों को देकर उन्हें जागरूक करने के लिए उनका धन्यवाद किया।

## तीसरा मोर्चा की बैठक हुई, लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति तय की



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** नंद किशोर चावला राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वजन समाज पार्टी ने प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए चावला ने कहा कि हांसी में तीसरा मोर्चा की मिटिग हुई। तीसरा मोर्चा की मीटिंग मे राष्ट्रीय गरीब दल के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज सिंगला पहुंचे और राजनीति मुद्दों व लोकसभा चुनाव पर विचार विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि तीसरा मोर्चा के बैनर तले हरियाणा की दस सीटों पर चुनाव लड़ा जाए। तिलक राज सिंगला ने करनाल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई और आगामी मीटिंग पानीपत में रखने पर भी विचार हुआ। तीसरा मोर्चा की बाकी पार्टी के प्रतिनिधियों से भी फोन पर बात हुई और सभी ने आश्वासन दिया कि पानीपत मीटिंग जरुर पहुंचेंगे। बैठक में सर्वजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## सुनैना चौटाला की मौजूदगी में किसान नेत्री दर्शना ओला सहित अनेक महिलाओं ने थामा इनेलो का दामन

**आईएसओ अध्यक्ष साहिलदीप कसवां के प्रयासों से पार्टी में शामिल हुई महिलाएं**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** प्रदेश में इंडियन नेशनल लोकदल निरंतर मजबूत होती जा रही है और विभिन्न दलों के लोग अपनी अपनी पार्टी और संगठन छोड़कर इनेलो में आस्था जता रहे हैं। इसी कड़ी में आईएसओ जिला अध्यक्ष साहिलदीप कसवां के प्रयासों से आज लंबे समय से समाज सेवी व सीनियर किसान नेत्री दर्शाना ओला ने सैंकड़ों महिलाओं के साथ इनेलो महिला प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला के नेतृत्व में पार्टी का पटका पहनकर प्राथमिक सदयस्ता ग्रहण की। सुनैना चौटाला ने दर्शना ओला और सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए विश्वास दिलाया कि आपके मान सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आएगी। दर्शाना ओला के साथ नेशनल कराटे चैंपियन संतोष वर्मा कांता, राधिका, अराधना, सरोज, सुरेंद्रकौर, सुनीता, बूंदा, कृष्णा, रुक्मणि, शालू, संतोष, बाला, पूजा, शकुंतला सहित सैंकड़ों महिलाएं इनेलो में शामिल हुई। इस अवस पर इस अवसर पर आईएसओ जिला अध्यक्ष साहिलदीप कसवा, आईएसओ जिला संगठन सचिव चेतन शर्मा, आईएसओ जिला प्रवक्ता सचिन कांगड़ा, आईएसओ सीनियर नेता सौरव कांगड़ा, आईएसओ जिला उपाध्यक्ष सुखी मंगाली, आईएसओ हिसार हलका अध्यक्ष राहुल पांचाल, युवा प्रदेश सचिव गौरव बेनिवाल व युवा बरवाला हल्का अध्यक्ष सचिन मोहिल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सेठ सांवरिया नि:शुल्क ताली कीर्तन मंडल का द्वितीय वार्षिक उत्सव 7 को उत्तम नगर में

**विश्व विख्यात भजन गायक जयशंकर चौधरी करेंगे श्याम बाबा का गुणगान**

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** सेठ सांवरिया निःशुल्क ताली कीर्तन मंडल द्वारा 7 अप्रैल को सायं 4 बजे से शिव मंदिर (नजदीक टीटू हलवाई), उत्तम नगर में द्वितीय वार्षिक उत्सव आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंडल के सेवादार विकास सैनी व बिट्टू गुप्ता ने बताया कि डॉ. जगदीश (जेडीएम) ज्योत प्रज्जवलित करेंगे। उत्सव में विश्व विख्यात भजन सम्राट जयशंकर चौधरी कोलकता वाले के अलावा भजन गायक सुशील गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, कृष्ण गाबा व तनुश्री श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। उत्सव में श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया जायेगा।

## हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान में आध्यात्मिक सत्संग 7 से

**68वें वार्षिक महोत्सव एवं नव वर्ष विक्रमी सम्वत्सर के उपलक्ष में होगा कार्यक्रम**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** श्री हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान, ऋषि नगर के 68वें वार्षिक महोत्सव एवं नव वर्ष विक्रमी सम्वत्सर पर्व 2081 के उपलक्ष में 7 से 9 अप्रैल तक आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के दौरान महामंडलेश्वर संत शिरोमणि बालयोगिनी साध्वी करुणागिरी महाराज, हरिद्वार वाले प्रवचन देंगे। यह जानकारी देते हुए संस्था के महासचिव टीनू आहूजा ने बताया कि 7 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे से 7 बजे तक श्रीसुंदरकांड पाठ एवं सत्संग होगा। महोत्सव के दूसरे दिन 8 अप्रैल को 4 से 7 बजे तक आध्यात्मिक सत्संग एवं भजन संध्या होगी। वार्षिक महोत्सव के अंतिम दिन प्रातः 8 बजे से 9:30 बजे तक हवन, 10 बजे ध्वजारोहण, 10:30 से 1:30 बजे तक आध्यात्मिक सत्संग होगा, तत्पश्चात भंडारा चलाया जाएगा। इस संबंध में मंदिर सभा के सेवादारों की बैठक प्रधान राजकुमार सेतिया की अध्यक्षता में हुई जिसमें सेवादारों की ड्युटियां लगाई गई। बैठक में प्रधान राजकुमार सेतिया, महासचिव सुभाष टीनू आहूजा, अशोक ग्रोवर प्रवीण पोपली, विकास ठकराल, एडवोकेट रवि मेहता, मनोज नागपाल, जगदीश गांधी, जवाहर गांधी, जगन्नाथ कथूरिया, विशाल, बिट्टू तनेजा, यादव असीजा, शुभम वलेचा, एडवोकेट जगदीश गांधी, भीमसेन नारंग, बंसीलाल कटारिया, डॉ. अमर ठकराल, पार्थ चोपड़ा आदि उपस्थित रहे।











**Name Change**

I, Devender Thakkar S/o Sh. Arjun Dass Thakkar R/o H. No. 191/12, Near Police Chowki, Multani Chowk, Hisar (Haryana) hereby declare that I have changed my Name from Devender to Devender Thakkar for all future purposes.

- Deponent

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

# पूर्व सीएम मनोहरलाल नेताओं की नाराजगी पर बोले, घर में शादी हो तो कुछ लोग रूठ भी जाते हैं और उन्हें मनाया भी जाता है

## बोले- कांग्रेसी नेता मैदान में नहीं आ रहे ये उनकी कमजोरी है



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल हिसार स्थित भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू हुए। पूर्व सीएम मनोहरलाल ने हिसार लोकसभा सीट पर नेताओं-कार्यकर्ताओं की नाराजगी के सवाल पर कहा कि घर में शादी हो तो भी कुछ लोग रूठ भी जाते हैं। जब रूठते हैं तो मनाया भी जाता है। अगर इतने बड़े सिस्टम में कुछ लोग रूठे होंगे तो हमारे ध्यान में हैं। अधिकांश कार्यकर्ता फील्ड में उतर चुके हैं। अभी बहुत समय बाकी है। कुलदीप बिश्नोई की नाराजगी पर उन्होंने कहा कि अपने साथ हैं। चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं डैमेज कंट्रोल के लिए नहीं आया हूं। मुझे प्रदेश की सभी 10 लोकसभा में भी समय देना है। इसी के तहत एक एक दिन वहां जा रहा हूं। भाजपा- जजपा नेताओं के विरोध पर पूर्व सीएम मनोहरलाल ने कहा लोकतंत्र में यह करना शोभनीय है। चुनाव आयोग में यह स्पष्ट है कि हर किसी को अपनी बात कहने का पूरा अधिकार है। किसी को रोकना उचित नहीं है। किसी की बात न सुनना और उसका विरोध करना उचित नहीं है। शनिवार को भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व सीएम मनोहरलाल ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में नहीं आ रहे तो यह उनकी कमजोरी है। कांग्रेस ओच्छी बात उछाल रही है कि भाजपा के तीन चार उम्मीदवार बदले जाएंगे। भाजपा के किसी प्रत्याशी को बदलने का कोई कारण नहीं है। यह भ्रामक प्रचार है, कांग्रेस को इसका लाभ होने की बजाए नुकसान होगा। रणदीप सुरजेवाला के एक विवादित बयान पर पूर्व सीएम ने कहा जनता जरूर सबक सिखाएगी। हमने साढ़े 9 साल में जो काम किए उसका फायदा लोकसभा चुनाव में भी मिलेगा। किसान आंदोलन को लेकर पूछे सवाल पर पूर्व सीएम ने कहा हमने किसानों के लिए सबसे अधिक काम किए हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनका वाक्य होता है मैं ना मानूं। ऐसे लोगों का कोई इलाज नहीं है। एक सवाल के जवाब उन्होंने कहा कि पार्टी स्तर पर जजपा और हमारी पार्टी का अभी गठबंधन नहीं रहा। सरकार में वह हमारे साथ थे, हमने साढ़े चार साल अच्छी सरकार चलाई। गेंहू की कटाई का सीजन होने के कारण 25 अप्रैल तक ग्रामीण एरिया में रैलियां नहीं करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की बधाई दी।

# सरकार ने अपराध पर अंकुश नहीं लगाया तो व्यापार मंडल हरियाणा बंद कर सड़कों पर उतर करेगा प्रदर्शन: बजरंग गर्ग



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** दवाई व्यापारी सचिन बंसल की दुकान श्री गणेश मेडिकल हॉल पर अपराधियों द्वारा फायरिंग करके 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने के विरोध में आज हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग के नेतृत्व में जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि 5 दिन होने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले अपराधियों को पुलिस अभी तक पकड़ नहीं पाई है जिसके कारण व्यापारी व आम जनता में सरकार व पुलिस प्रशासन के प्रति बड़ी भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने अपराध पर अंकुश नहीं लगाया तो व्यापार मंडल हरियाणा बंद करके सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा। इस अवसर पर हिसार विधानसभा पूर्व प्रत्याशी रामनिवास राडा, बरवाला विधानसभा पूर्व प्रत्याशी भूपेंद्र गंगवा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तेजवीर पूनिया, राजगुरु मार्केट आर्गेनाइजेशन के प्रधान अक्षय मलिक, वरिष्ठ व्यापारी नेता अजय सैनी, पूर्व पार्षद मानसिंह टिंकू व मनोहर लाल वर्मा, व्यापार मंडल सदस्य शिवकुमार सोनी, सोनू लंकेश, सतीश जोली, डॉ रमन भाटी, जगदीश तायल, ईश्वर मोर, रिटायर्ड एसडीओ भूप सिंह, विकास ढांडा, सुनील शर्मा, सुरेश मय्यड़, बी एस नैन, बबलू यादव, सुशील मास्टर, सुभाष वर्मा, राजेश सैनी, मनोज इंदौरा, अनिल कजवाना, सुनील बेरवाल, सुभम वाल्मीकि, दिनेश पूनिया, सुरेंद्र नोखवाल, कृष्ण जांगड़ा, सुरेंद्र वर्मा, दीपक सोनी, सुरेंद्र सोनी,मनोज कुमार,सूबे सिंह पहलवान आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# गली में भरा सीवरेज का पानी, जनता परेशान

## समस्या का 15 दिन में नहीं हुआ समाधान तो करेंगे प्रदर्शन : भूपेन्द्र गंगवा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** आज बरवाला विधानसभा क्षेत्र मिल गेट एरिया विनोद नगर एक्सटेंशन (राठी कॉलोनी) 30 फुट वाली गली कैप्टन आरसी हाई स्कूल के नजदीक कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार रहे भूपेंद्र गंगवा ने बताया पिछले साढ़े 4 साल से सीवरेज ओवरफ्लो की बहुत ज्यादा समस्या हैं। इसके कारण महामारी फैलने का डर बना रहता है। हमनें पिछले कुछ समय से धरने प्रदर्शन भी किए हैं। लोगों को यहां आने-जाने में बहुत बड़ी दिक्कत है जो बच्चे स्कूल जाते हैं उन्हें आने-जाने में बहुत ज्यादा दिक्कत है और लोगों को बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हमारी सरकार से पूरजोर मांग है कि इस समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जाए। यदि इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है तो हम धरना प्रदर्शन करके सरकार को जगाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस समस्या को दूर करने के लिए सरकार को 15 दिन का समय देते हैं। इस अवसर पर सुखदेव जयाणिया, रोहतास चहल, पालेराम, नंदराम, पवन कुमार, सुरेश कुमार, विनोद कुमार, भागीरथ जांगड़ा, पवन प्लंबर, सुल्तान सिंह व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हिसार के कलाकार जांगड़ा दंपति को मिला 'शाश्वत श्री' कला पुरस्कार से सम्मान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** देश के एकमात्र त्रिनेत्र गणेश मंदिर ट्रस्ट (सवाई माधोपुर) रणथंबोर राजस्थान ने हिसार के विख्यात कलाकार डॉक्टर राजेश जांगड़ा व डॉक्टर गीता जांगड़ा को 'शाश्वत श्री' कला पुरस्कार से नवाजा है। ट्रस्ट द्वारा देश के अलग-अलग राज्यों से कलाकारों को आमंत्रित कर राष्ट्रस्तरीय दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हिसार के प्रसिद्ध कलाकार डॉक्टर राजेश जांगड़ा व डॉक्टर गीता जांगड़ा को आमंत्रित किया गया। प्रतिभागी कलाकारों ने धर्म, चक्र, योग, शिव परिवार व त्रिनेत्र गणेश आदि विषयों पर चित्रों को कैनवास पर उकेरा। डॉक्टर गीता जांगड़ा ने भगवान गणपति का त्रिनेत्र स्वरूप चित्रित किया व डॉक्टर राजेश जांगड़ा ने शिव पार्वती सहित भगवान गणपति को सहज भाव से उकेरा। कार्यक्रम की संयोजक कलाकार सावित्री शर्मा (जयपुर ) ने बताया कि दोनों कलाकारों की कलाकृतियों को देख सभी अतिथियों एवं दर्शकों ने प्रशंसा की और दोनों कलाकारों को 'शाश्वत श्री' कला पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि गायककार पंडित सुधीर व्यास, विशिष्ट अतिथि मुख्य महंत नीरज, महंत ब्रिज किशोर दागीच, महंत संजय दागीच व प्रधान हिमांशु गौतम ने दोनों कलाकारों को शॉल, स्मृति चिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने किया ताऊ देवीलाल को नमन



**-पाठकपक्ष न्यूज-** पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की पुण्यतिथि पर आज स्थानीय टाउन पार्क में हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने देवीलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके साथ काफी संख्या में उनके समर्थक भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस पार्टी ने घोषणा पत्र जारी करके न्याय का लिया संकल्प : खोवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र को हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने जनहितकारी व प्रभावशाली बताया है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि इस घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर सही काम किया गया है क्योंकि कांग्रेस देशवासियों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रही है। एडवोकेट खोवाल ने बताया कि कांग्रेस घोषणा पत्र कमेटी का सदस्य होने के नाते उन्होंने पिछड़े, शोषित, वंचित व समाज की मुख्यधारा से कटे हुए लोगों के हितों के लिए कई प्रावधान सुझाए थे। उन्होंने कहा कि उन प्रावधानों को घोषणा पत्र में शामिल करके कांग्रेस पार्टी ने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इसी भांति वकीलों व न्यायिक उपक्रमों से जुड़े लोगों की मांग भी घोषणा पत्र में शामिल की गई है। एडवोकेट खोवाल ने बताया कि न्याय पत्र में कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि पार्टी राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणन करवाएगी। इस जनगणना के आधार पर पिछड़े लोगों के हितों के लिए नीतियां बनाई जाएंगी। कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50 प्रतिशत का कैप हटाएगी।

# भारत माता मंदिर में श्रीराम कथा के समापन पर 7 अप्रैल को हवन व भंडारे का होगा आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** एम सी कॉलोनी स्थित भारत माता मंदिर में श्रीराम कथा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं ने पूरी तन्मयता व निष्ठा से श्रीराम कथा का श्रवण किया। वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित कृष्णशरण शास्त्री जी महाराज ने आह्वान किया कि श्रीराम कथा को आत्मसात करके सात्विक जीवन को अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा श्रवण करना पुण्य व कल्याणकारी है। इस अवसर पर सीमा गर्ग, कुसुम गर्ग, सुमन सिंगला, मीना डालमिया, नीलम रानी, कविता, सुशील जैन, सुनीता गर्ग, कुसुम, रेखा अग्रवाल, प्रेम बंसल, श्रुति, बृजलाल, पूजा शर्मा, लता सिंगल, मनोरमा गुप्ता, इंदु गोयल, प्रवीन अरोड़ा, मधु शर्मा, सुनीता शर्मा, उषा ठकराल, अनिल महता, आचार्य संतोष शास्त्री व पंडित रामकिशोर शुक्ला सहित काफी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंदिर के संरक्षक अनिल महता ने बताया कि समाजसेवी चौ. फतेहचंद जी, माता हरबंस कौर जी एवं श्री विजय शर्मा जी की स्मृति में भारत माता मंदिर में श्रीराम कथा महोत्सव मनाया जा रहा है। श्रीराम कथा के समापन पर 7 अप्रैल को प्रातः 10 बजे जनकल्याण के निमित हवन होगा और दोपहर 12 बजे से अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा।

*आर्य समाज, मॉडल टाऊन में वेद कथा का चतुर्थ दिवस*

# बेड़ा उसी का समझो पार हो गया, जिसको प्रभु से सच्चा प्यार हो गया.. ..



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** आर्य समाज, मॉडल टाऊन में चल रही वेद कथा के चतुर्थ दिवस प्रातत हवन किया गया जिसमें जय कुमार बंसल, आशीष गोयल, तरुण जैन व अरविंद बंसल सपत्नीक यजमान रहे। यजमानों ने व उपस्थित लोगों ने यज्ञ में आहुतियां डालीं। प्रभु की राह पर नियति यह चलने ही नहीं देती, संभल कर भी मैं गिर जाता संभलने ही नहीं देती.. .. भजन सुना कर यज्ञ ब्रह्मा आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने यजमानों को आशीर्वाद दिया। हवन उपरांत आयोजित सत्संग सभा में भजनोपदेशक पं. मोहित शास्त्री ने बेड़ा उसी का समझो पार हो गया, जिसको प्रभु से सच्चा प्यार हो गया.. ..सुनाकर सभी को आनंदित कर दिया। मुख्य वक्ता डॉ. पुनीत आचार्य ने महामृत्युंजय मंत्र की व्याख्या करते हुए कहा त्रयंबकं यजामहे यानि त्रि-तीन, अंबक-मां अर्थात् मां की तरह तीन अवस्थाओं में हमारी रक्षा करने वाला है व उस ईश्वर की हम यजामहे यजन करें, उपासना करें। प्रार्थना करें। यह मंत्र सर्वहितकारी है। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद आर्य, रामकुमार रावलवासिया, पवन रावलवासिया, गंगादत अहलावत, वीरेन्द्र आर्य, रामपाल आर्य, आनन्द गर्ग, सुरेंद्र बेरवाल, राज वर्मा एडवोकेट, बनारसी दास, विनोद ऑयल मिल वाले, ईश आर्य, ईश्वर आर्य, आजाद मुनि, सीताराम आर्य, निर्मला देवी, सविता वेदांशु सिम्मी काठपाल, सुमन बत्रा, कंचन डुडेजा, रेखा गौतम, वीना वासुदेवा आदि उपस्थित रहे। आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने बताया कि वेद कथा के अंतिम दिन 7 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक भजन-प्रवचन होंगे। उसके बाद ऋषिभोज दिया जाएगा।

# पूर्व मंत्री प्रो. सम्पत सिंह ने चौ. देवीलाल को किए श्रद्धासुमन अर्पित

*कहा- चौ. देवी लाल उनके राजनीतिक गुरू व पथ-प्रदर्शक थे*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** पूर्व मंत्री प्रो. सम्पत सिंह ने आज चौ. देवीलाल की पुण्यतिथि पर अपने निवास स्थान पर परिवार व साथियों सहित श्रद्धासुमन अर्पित किये। उन्होंने कहा कि चौ. देवी लाल बहुत बड़े स्वतंत्रता सेनानी व आम, गरीब, मजदूर व किसान के मसीहा थे। उन्होंने 14 वर्ष की आयु से ही किसान, मजदूर, कमेरे वर्ग की हकों की लड़ाई लड़नी शुरू कर दी थी। उन्होंने हर गली व घर तक राजनीति का ज्ञान पहुंचाया। साधारण व्यक्तियों को भी संसद और विधानसभाओं के रास्ते दिखाये। उन्होंने कहा कि चौ. देवी लाल उनके राजनीतिक गुरू व पथ-प्रदर्शक थे। आने वाले हर समय में उनको एक सीधे-साधे संघर्षशील किसान नेता के रूप में हमेशा याद किया जायेगा। इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा सिंह, महेन्द्रा दहिया, चन्द्रकलां दहिया, बिमला तरड़, सतपाल मोर, हरज्ञान ख्यालियां, रणधीर बामल, बलराज मलिक, देवीलाल सिहाग, बलबीर सिंह दुहन, जयबीर बैनिवाल, सतबीर बैनिवाल, सुमेर श्योरान, दिनेश भारद्वाज, रोशन वाल्मिकी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ओशो ध्यान उपवन में 7 अप्रैल को ध्यान सत्र में साधक सीखेंगे समग्रता से जीवन जीने के उपाय

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 6 अप्रैल :** नीरस व तनावग्रस्त जीवन से निकलकर समग्रता से जीवन जीने के उपाय सीखने के लिए ओशो ध्यान उपवन में 7 अप्रैल को ध्यान सत्र आयोजित किया जाएगा। सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक आयोजित होने वाले इस ध्यान सत्र में ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास भी करवाया जाएगा। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि हर रोज की भागदौड़ व आपाधापी से जीवन उबाऊ, नीरस व बोझिल बन जाता है। धीरे-धीरे इंसान अवसादग्रस्त होता जाता है और उसे हताशा घेर लेती है। इस चक्रव्यूह से निकलने के लिए समग्रता से जीना सीखना होगा।

# पंचकूला में पानीपत का फर्जी डीएसपी गिरफ्तार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 6 अप्रैल :** पंचकूला में पानीपत का फर्जी डीएसपी गिरफ्तार किया गया है। इसने 11 युवाओं से करीब 1 करोड़ रुपए लेकर पुलिस में नकली जॉइनिंग करा दी। इसका खुलासा तब हुआ जब आरोपी वीरेंद्र ने बैंक में कैश सैलरी जमा कराई। नकली नौकरी पाए युवा बैंक स्टेटमेंट देखकर चौके और उन्होंने पुलिस में इसकी शिकायत की। पंचकूला में सीएम फ्लाइंग और सीआईडी की टीम ने जॉइंट ऑपरेशन चलाकर इसको गिरफ्तार किया है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।
सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार
विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।




